एक नजर में

विवाह समारोह में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव

सतवास। सतवास में शुक्रवार देर शाम को विभिन्न शादी समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव पहुंचे। उन्होंने ओम पटेल की भतीजी अर्चना पटेल ,नारायण गोदारा के सुपुत्र ऋषभ, रामगोपाल पटेल की दोनों पोतीयो की शादी समारोह में पहुंच कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उनके साथ, कांग्रेस नेता ओम पटेल,पीसीसी सदस्य मनोज होलानी, अजय कुमार व्यास विजय सिंह गौर,वहीद सदर, राधेश्याम कलिया, राजेश विश्नोई, ज़ब्बू यादव, रमजान खान, मनोज राय,सलाम खान आदि शामिल थे।

साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन

देवास। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास एवं विज्ञान महाविद्यालय देवास की एनसीसी इकाइयों एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय साइबर दिवस के अवसर पर साइबर हाइजीन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विद्या माहेश्वरी, कर्नल ज्ञानप्रकाश चौधरी कमांडिंग ऑफिसर 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ संजय गाडगे ने विद्यार्थियों व स्टाफ को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए हम सभी को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग ईमेल की पहचान, मैलवेयर से बचाव, और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता सचिन चौहान एवं मोनू राणावत साइबर सेल जिला पुलिस देवास द्वारा वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के उदाहरण प्रस्तुत किए गए, जिनसे विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं साइबर जोखिमों की गंभीरता को समझने में सहायता मिली। प्रतिभागियों को स्ट्रांग पासवर्ड बनाने, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (2एफए) का उपयोग करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और नियमित साइबर हाइजीन अपनाने की सलाह दी गई। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ एनसीसी कैडेट्स सहित महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला में भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े अपने प्रश्न एवं अनुभव साझा किए। कार्यशाला के माध्यम से यह संदेश दिया कि डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। कार्यशाला के अंत में आभार कैप्टन डॉ संजय सिंह बरौनिया ने दिया।

प्रभु का दीक्षा एवं निर्वाण कल्याणक मनाया

देवास। नगर में चल रही श्री मुनिसुव्रत स्वामीजी भगवान की अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को प्रकृष्ट पुण्य के सम्राट भगवान मुनिसुव्रत स्वामीजी का दीक्षा कल्याणक मनाया गया। प्रभु को संसार में किसी प्रकार का दुख नहीं था अपितु अतिशय सुखों का ढेर उनके पास था, फिर भी संसार के सुखों के प्रति विरागी बने ओर आज के दिन परमात्मा ने जगत के जीवों के कल्याण हेतु स्वयं की साधना का मार्ग स्वीकार करने संयम ग्रहण किया । इसी के साथ वर्षीदान दिया और दीक्षा लेकर आत्मकल्याण की साधना करके अंतत: केवल ज्ञान प्राप्त किया। यही सारे विधान आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी एवं धर्मबोधि सुरीश्वरजी ने महोत्सव के दौरान संपन्न किये। यह निर्वाण कल्याणक जैन धर्म का सबसे सर्वश्रेष्ठ विधान है। जिसके अंतर्गत अंजन प्राप्त कर प्रतिमा परमात्मा बनती है। प्रभु मुनिसुव्रत स्वामीजी की प्रतिमा आचार्यश्री द्वारा अंजन विधान से परमात्मा बनी। आज से यह प्रतिमा जगत के लिये पूजनीय बनी। उपस्थित विशाल भक्त समुदाय ने उत्साहपूर्वक प्रभु का दीक्षा कल्याणक एवं निर्वाण कल्याणक मनाया। धर्मसभा को उपदेशित करते हुए पूज्यश्री ने कहा संपत्ति, सामग्री, संबंध और संसार का त्याग ही संयम जीवन है। संसार में रहते हुए धर्म आराधना करना एक फिजिकल चेंज है जिसमें व्यक्ति फिर अपने पूर्व स्वरूप में आ जाता है। जबकि संयम अंगीकार करना केमिकल चेंज है जिसमें संयमी फिर सांसारिक प्रवृत्ति में प्रवेश नहीं कर सकता है। वह सदैव के लिए आत्मकल्याणकारी व्यक्तित्व बन जाता है। रविवार को सुबह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि इस अवसर पर एक विशाल वरघोड़ा शोभा यात्रा निकाली गई। अनेक आकर्षणों से सुसज्जित शोभा यात्रा में जिनेश्वर परमात्मा ने चांदी के रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया। विशेष परिधानों से सुसज्जित नवयुवकों एवं युवतियों ने झूमते हुए शोभा यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम का लाभ प्रेम कुमार विजय कुमार सेठिया परिवार ने प्राप्त किया।

पहली तनख्वा से खाद्यान्न समर्पित किया

बागली। अक्सर सुनने में आता है नई पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता को अपनाते हुए सनातन को भूल रही है ठीक इसके विपरीत सोनकच्छ क्षेत्र की रहने वाली कुमारी प्रज्ञा मेहता ने फरवरी 2025 में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद पुणे में जॉब करने का निर्णय लिया पहली तनख्वाह मिलते ही तनख्वा का निश्चित अंश जमा करने लगी 7 महीने बाद उक्त अंश जमा राशि से पिपरी क्षेत्र में चल रहे अन्न क्षेत्र में जन्मदिन के अवसर पर खाद्यान्न सामान लाकर सहायता की और परिक्रमा वासियों को भोजन करवाया मां नर्मदा की उपासक प्रज्ञा ने बताया कि अपनी कमाई का निश्चित हिस्सा देने की प्रेरणा माता-पिता और वरिष्ठ जनों से मिली साथ ही कहा कि यदि किसी कारणवश वह परिक्रमा नहीं कर पा रही है तो परिक्रमा वासियों के साथ इस प्रकार का सहयोग सद्भाव करते हुए उसे बहुत सुखद अनुभव हो रहा है। भविष्य में मां नर्मदा का आशीर्वाद रहा तो वह भी कभी ना कभी नर्मदा परिक्रमा अवश्य करेगी सनातन सेवा समिति अन्न क्षेत्र सेवा से जुड़े गिरधर गुप्ता ने बताया कि परिक्रमा वासी अलग-अलग प्रकार के अनुभव सुनाते हैं जिन्हें सुनकर लगता है कि मां नर्मदा अप्रत्यक्ष रूप से सभी के साथ रहती है उन्हें भी परिक्रमा वासियों की सेवा कार्य करते हुए सुखद अनुभव होता है।

टीवी इंस्टॉल करने वाले ने लड़के ने मोबाइल हैक कर महिला को भेजे अश्लील मैसेज

हिंदू संगठनों ने शोरूम बंद कराया, आरोपी गिरफ्तार

देवास। एबी रोड स्थित क्रोमा शोरूम पर शनिवार को हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एक मुस्लिम युवक द्वारा टीवी इंस्टॉल करने के बहाने एक महिला का मोबाइल नंबर लेकर उसे मैसेज भेजने के मामले में किया गया। जानकारी के अनुसार, महिला के परिवार ने एक दिन पहले क्रोमा सेंटर से एक एलईडी टीवी खरीदी थी। टीवी इंस्टॉल करने आए युवक ने महिला से जीमेल आईडी और मोबाइल नंबर लिया और फिर उसे आपत्तिजनक मैसेज भेजे। महिला ने जब अपने परिवार को इसकी जानकारी दी, तो परिजन शिकायत करने टीवी शोरूम पहुंचे। आरोप है कि वहां मैनेजर और स्टाफ ने परिवार के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे नाराज होकर परिजनों ने हिंदू संगठन के लोगों को सूचित किया। इसके बाद बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग क्रोमा सेंटर पहुंचे और विरोध जताते हुए शोरूम बंद करवा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। टीवी इंस्टॉल करने गए युवक की पहचान मोहम्मद अनस के रूप में हुई है, जो देवास के उत्तम नगर का निवासी है। वह शोरूम के सर्विस डिपार्टमेंट में कार्यरत था। बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि फरियादी परिवार की रिपोर्ट पर आरोपी अनस के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इधर, शोरूम मैनेजर उज्वल ने बताया कि जानकारी मिलते ही सर्विस डिपार्टमेंट से जुड़े संबंधित व्यक्ति को टर्मिनेट कर दिया गया है।

जिला अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग महिला की मौत, परिजन लापता

देवास। उत्तम नगर में रहने वाली करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को परिजन दोपहर लगभग 2 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने बताया कि महिला को तेज घबराहट और बेचैनी की शिकायत होने पर उसे तुरंत इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, महिला को भर्ती कराने के बाद परिजन अचानक अस्पताल से लापता हो गए। डॉक्टरों ने बताया कि इलाज के दौरान शाम करीब 5.30 बजे महिला की मौत तब से करीब 7 बजे तक डॉक्टरों ने परिजनों का इंतजार किया परिजन के नहीं आने पर अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर ने ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। फिलहाल पुलिस परिजनों की तलाश में जुटी है, ताकि मौत के कारणों और पूरी घटना की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि ऐसे मामलों में परिजनों का गायब होना गंभीर चिंता का विषय है।

अर्जुन नगर इटावा श्मशान में अव्यवस्था, लोग नाराज

.देवास। अर्जुन नगर इटावा स्थित श्मशान घाट में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि श्मशान का संचालन नगर निगम देवास द्वारा किया जाता है, लेकिन यहां अंतिम संस्कार के लिए सबसे आवश्यक लकड़ी की उपलब्धता ही नहीं है। श्मशान पर पहुंचने वाले परिजनों को लकड़ी न मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लकड़ी घर में लकड़ी के स्थान पर सीमेंट की बोरियां रखी गई हैं, जबकि श्मशान में लकड़ी की व्यवस्था करना नगर निगम की जिम्मेदारी है। जानकारी के अनुसार, श्मशान परिसर में रखी गई यह सीमेंट सड़क निर्माण कार्य के लिए उपयोग में लाई जाएगी, लेकिन लकड़ी न होने से अंतिम संस्कार में देरी हो रही है, जिससे नागरिक नाराज़ हैं। लोगों ने नगर निगम से श्मशान की व्यवस्थाएं सुधारने और तत्काल लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

आदिवासी किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

देवास। चंद्रकेश्वर बांध कांटाफोड़ के विस्थापितो वनवासी आदिवासी किसनो की विभिन्न समस्याओं को लेकर के जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर कार्यालय देवास में कलेक्टर के नाम ज्ञापन पत्र जैन को सोपा कांटाफोड चांदकेशर बांध के अंतर्गत आने वाले ग्राम हिरापुर एवं अन्य ग्रामों के विस्थापितो वनवासी आदिवासी किसानों की समस्या को लेकर के मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ सरपंच हीरापुर लक्ष्मण सिंह सरपंच जिनवानी रघुवीर तोमर किसान रविंद्र दरबार हिरापुर लक्ष्छीराम उईकै निमलाय के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टर कार्यालय देवास में ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में बताया गया कि 1960 में बने चंदकेशर बांध मैं जिन वनवासी आदिवासी किसानों की भूमि बांध में आई थी उन किसानों को अभी तक विस्थापित नहीं किया गया है जबकि उनकी एक पीढ़ी गुजर चुकी है जबकि किसान अपने बाड़े खले में या वन भूमि पर रहकर के अपना गुजर बसर एवं परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं और उस दौरान भी जो मुआवजा शासन से मिल गया था वह भी नाम मात्र का था और और ऊंट के मुंह में जीरे के समान था वनवासी आदिवासी किसान जो बांध में आई भूमि पर खाली होने पर छोटी-मोटी उपज लेते हैं उनका भी जल संसाधन विभाग नोटिस देकर के कई हजारों रुपए के नोटिस किसानों को देता है जबकि यह भूमि वनवासी आदिवासी किसानों की भूमि है और इन किसानों को शासन स्तर से 1960 से लेकर के अभी तक विस्थापित भी नहीं किया गया है और अपनी भूमि का मुआवजा अभी नियम अनुसार नहीं दिया गया और भूमि अधिग्रहण कर ली गई जानकारी के अभाव में न्याय उचित समय पर इन किसानों की मांग शासन स्तर पर सही पोर्टल पर नहीं आ पाई जिससे इन किसानों को अभी तक अपने परिवारों को विस्थापित करने एवं भरण पोषण करने में विभिन्न प्रकार की परेशानी हो रही है ऐसे अनेक विषयों को लेकर के जिलाधीश के नाम ज्ञापन सोपा गया।

शांति बाल निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक खेलकूद महोत्सव

देवास। शांति बाल निकेतन हाई सेकेंडरी स्कूल का एनुअल स्पोर्ट्स डे दिनांक 26 एवं 27 नवंबर को मधु मिलन चौराहा स्थित ओलंपिक ग्राउंड पर बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूरे स्कूल ने उत्साह, जोश और हर्ष-उल्लास के साथ भाग लिया।

खिलाड़ियों एवं शिक्षकों द्वारा अनुशासनपूर्ण और ऊर्जावान प्रदर्शन देखने को मिला। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव में छात्रों ने खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, लेमन-रेस,कैरम, रस्साकशी पिट्ठू सहित कई रोमांचक खेलों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल शर्मा तक्षशिला हाई स्कूल और चेतन पचौरी गीतांजली हाई स्कूल के करकमलों द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम का समापन दिनेश मिश्रा आशातीत हाई स्कूल के संचालक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्कूल के अनुशासन, खिलाड़ियों की तैयारी और शिक्षकों के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी खेल बेहद शानदार और प्रभावशाली ढंग से संपन्न हुए। इस कार्यक्रम का संचालन नीतू सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर राजेश गोयल एवं प्राचार्या पल्लवी जाधव ने बताया कि सभी खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं स्टाफ के सहयोग से दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक समापन हुआ। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। जानकारी कोच विवेक बंजारे द्वारा दी गई।

समारोह आयोजित कर दी शिक्षक खान को विदाई

काँटाफोड़ । शासकीय माध्यमिक विद्यालय गोदना के शिक्षक हाजी नवाब खान सर का विदाई समारोह आयोजित किया गया। नवाब खान द्वारा अपने जीवन के 27 वर्ष शिक्षक के रूप में योगदान दिया। इस अवसर पर उन्हें शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया । जनशिक्षक ओम प्रकाश परमार द्वारा नवाब सर द्वारा स्कूल के लिए किए गए उत्कर्ष कार्य पर प्रकाश डाला गया। वही गोपाल मालवीय द्वारा सर के साथ मिलकर किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। इस समारोह में हाय सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षक के विदाई समारोह में उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर गोदना सरपंच डॉ रघुनाथ नायक, बीजेपी ब्लाक महामंत्री राजेश राठौर, शालीन हारनीया, जनशिक्षक गोपाल मालवीय, अमरावती कटारिया, कन्हैया मुवेल, डॉ कल्पना पाटिल, ममता पेठारी ,ओम प्रकाश परमार, रतन माली, किशोर मंडलोई, मोहन सिंह भावेल, लियाकत खान, नदीम खान,पूनम सिंह कर्मा , शाहिद खान , जावेद खान आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बंडू सिंह सोलंकी द्वारा किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव का स्वागत,सरकार पर साधा निशाना

भौंरासा। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी के नेतृत्व में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सचिन यादव का कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने साफा बांधकर पुष्प माला पहना कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सचिन यादव ने एसआईआर को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ देश की लोकतंत्र और प्रजा तंत्र को खत्म करना चाहती है देश में तानाशाही स्थापित करना चाहती है इन मकसदों को लेकर एसआईआर जबरन पूरे देश में थोपने का कार्य कर रही है आज देखने में आ रहा है कि जिन प्रदेशों में एसआईआर लागू हुआ है वहाँ के जो बीएलओ हे उनकी कार्य के दबाओ से असमय मृत्यु हो रही है। भाजपा सरकार की नीतियाँ जनहित से दूर होती जा रही हैं, जिससे आम जनता परेशान है। दौरे के दौरान यादव, शहर काजी अब्दुल वहाब खान, गड्डी मामू के निवास पर भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने शोकाकुल परिवार से भेंट कर संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शौकत हुसैन, नरेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, पार्षद वसीम हुसैन,अरविंद चौधरी, फजल एहमद, शकूर राणा, पार्षद अफजल मंसूरी, सज्जाद अली, फैजान मदनी, शहीद ठेकेदार, रईस मंसूरी, अरविंद जोलाए, राजेश यादव, आदि उपस्थित थे,,।

छह माध्यमिक विद्यालयों में सनफार्मा ने खेल किट वितरित किए

देवास। जिले के छह माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को सनफार्मा के सीएसआर प्रोजेक्ट के अंतर्गत खेल किट का वितरण किया गया। यह वितरण ईपीईएस माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर, शासकीय ईपीईएस माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 7, शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 3, शासकीय माध्यमिक विद्यालय बावड़िया, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय राधाबाई तथा शासकीय ईपीईएस माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर में किया गया। कार्यक्रम में सनफार्मा के सीएसआर एक्जिक्यूटिव सेख निसार तथा आसरा एनजीओ की टीम सहित एचआर हेड शैलू श्रीवास्तव उपस्थित रहे। टीम ने सभी विद्यालयों का भ्रमण कर खेल किट को विद्यालयों के प्राचार्यों, स्टाफ और विद्यार्थियों को सौंपा। वितरित की गई किट में फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट, बैडमिंटन सेट, कैरम बोर्ड सहित विभिन्न खेल सामग्री शामिल थीं। किट मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया और विद्यालयों ने इसे खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालयों के प्राचार्यों व शिक्षकों ने सनफार्मा एवं आसरा एनजीओ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, वहीं विद्यालयों में खेल संसाधनों की भी मजबूती होगी।

एक नजर कार्यशैली की हो रही सराहना

बीएलओ रमेश पिपले ने शत प्रतिशत एसआयआर सर्वे पूरा किया

कांटाफोड़ । निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूरे क्षेत्र में स्ड्रक्रसर्वे का कार्य तेज़ी से जारी है। इसी क्रम में बीएलओ रमेश पिपले ने अपने कार्य क्षेत्र में 100 प्रतिशत एसआईआर सर्वे पूरा कर मिसाल पेश की है। पिपले ने घर-घर पहुँचकर मतदाता सूची में नाम, पते, आयु, फोटो एवं दस्तावेज़ों का मिलान करते हुए सर्वे पूर्ण किया। सर्वे के दौरान वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग जनों और महिलाओं को भी विशेष ध्यान में रखा गया, जिससे किसी भी परिवार का नाम सूची से न छूटे। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि बीएलओ रमेश पिपले द्वारा सर्वे कार्य अत्यंत ईमानदारी, धैर्य और जिम्मेदारी के साथ किया गया। सर्वे के दौरान लोगों को मतदान के अधिकार, दस्तावेज़ों की आवश्यक जानकारी तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य में रमेश पिपले के सहयोगी अतिथि शिक्षक मनीष मालवीया और सपना सोठिया ने भी विशेष भूमिका निभाई। दोनों ने सर्वे कार्य के दौरान प्रत्येक परिवार तक पहुंचने में, दस्तावेज़ों की जांच में और मतदाताओं को आवश्यक जानकारी देने में पूरी जिम्मेदारी निभाई, जिससे कार्य तेज़ और प्रभावी ढंग से पूरा हो सका। अधिकारियों के अनुसार रमेश पिपले का 100 प्रतिशत सर्वे पूरा होना अन्य बीएलओ के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण है। समय पर और सटीक रूप से कार्य पूरा करने को लेकर विभाग द्वारा उनकी प्रशंसा किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)

निविदा सूचना

सूचना क्र./160/लो.नि.वि./25 — देवास, दिनांक 21.11.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है -

क्र.	टेण्डर आ.ई.डी	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम. डी	निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि
1	2025_UAD _464306_1	वार्ड 03 आवास नगर डी-3 सेक्टर स्थित अटल पार्क में उद्यान विकास कार्य।	60 दिवस, 13,50,000	2,000/- 10,125/-	23.12.2025
2	2025_UAD _464307_1	वार्ड क्रं. 16 राजीव नगर मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (द्वितिय निविदा)	60 दिवस, 15,00.000/-	2,000/- 11,250/-	08.12.2025
3	2025_UAD _464317_1	वार्ड क्रं. 20 शंकर नगर हनुमान मंदिर वाले क्षेत्र में पुलिया निर्माण कार्य। (दशम निविदा)	60 दिवस, 15,00,000/-	2,000/- 11,250/	08.12.2025
4	2025_UAD _ 464311_1	वार्ड क्रं. 27 की गली नम्बर 01 में पूजा डेयरी से श्री अतुल पाण्डे जी के मकान तक एवं श्री नवीन दुबे जी के मकान से श्री मोदी जी के मकान तक रिफ. पेवर्स ब्लॉक कार्य। (द्वितिय निविदा)	60 दिवस, 15,14,000/-	2,000/- 11,355/-	08.12.2025
5	2025_UAD _464309_1	वार्ड क्रं. 28 उज्जैन तिराहा पर स्थित माननीय डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा के चारो तरफ सौन्दर्याकरण कार्य। (द्वितिय निविदा	30 दिवस, 1,00,000/-	1,000/- 2,000/-	08.12.2025
6	2025_UAD _464316_1	वार्ड क्रं. 42 बालाजी नगर के गार्डन में ओपन जिम उपकरण प्रदाय कार्य। (सप्तम निविदा)	30 दिवस, 2,55,000/-	2,000/- 2,550/-	08.12.2025
7	2025_UAD _464308_1	वार्ड क्रं. 45 नागदा मुक्तिमार्ग में स्नानागृह, शौचालय एवं पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य। (द्वितिय निविदा)	60 दिवस, 8,00,000/-	2,000/- 8,000/-	08.12.2025
8	2025_UAD _ 464310_1	माँ चामुण्डा माताजी टेकरी पर टीन शेड निर्माण कार्य। (अष्टम निविदा)	60 दिवस, 10,00,000/-	2,000/- 10,000/-	08.12.2025
9	2025_UAD _464313_1	कैलादेवी मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य। निविदा)	04 माह 43,99,000/-	5,000/- 32,993/-	08.12.2025
10	2025_UAD _464314_1	मनकामनेश्वर से गोया फलमंडी तक नाला निर्माण कार्य। (चतुर्थ निविदा)	06 माह 1,23,00,000/	12,500/- 61,500/-	08.12.2025
11	2025_UAD _464315_1	भोलेनाथ रोड पुलिया के दोनों तरफ नाला निर्माण कार्य। (पंचम निविदा)	06 माह, 43,18,000/-	5,000/- 32,385/-	08.12.2025

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगां। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास

In The Court Of II Civil Judge Class-I, District Court, Vidisha Presiding Officer : श्रीमती रिनी खान शेख
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(EX A/ 00000016/2025)
कुसुम बाई..... वादी
Vs
सुलोचना जैन ..... प्रतिवादी

ID 3418/25 PN. 2717
Dt.28/11/2025 Process Id/2025
पेशी दिनांक 02/01/2026
प्रेषिती
(1) श्रीमती मनाली जैन पत्नी अर्पित
पता- खातेगांव जिला देवास म प्र

यह कि प्रार्थी कुसुम बाई ने आपके विरूद्ध इएक्स ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो,और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 28 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें :- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगानी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश